निवाला

एक कोशिश

स्मारिका

फरवरी
2018

दीपा करमाकर

ऑलंपिक में क्वालीफाई करने वाली 1 भारतीय महिला जिम्नास्ट 22 साल की दीपा ने क्वालीफाइंग इवेंट में 52.698 अंक हासिल कर रियो ऑलंपिक का टिकट हासिल किया 15 साल के बाद 1 मौका होगा जब भारत का कोई एथलिट ऑलंपिक की जिमनास्टिक प्रतियोगिताओ में हिस्सा लेगा। ऑलंपिक क्वालीफायर में दमदार प्रदर्शन करने वाली दीपा पूरे देश की सुर्खियां बटोर रही है। लेकिन बहुत कमलोगों को पता होगा कि उन्हें इस खेल में क्लैट फुट के कारण रिजेक्ट किया गया था ।इस समस्या के कारण उछल-कूद में दिक्कत आती है। (पांव के तलवे पूरी तरह सपाट) व दीपा जब 6 साल की थी तब उनके पिता जिम्ना सिखाने के लिऐ एक कोच के पास ले गए पिता चाहते थे कि बेटी जिम्ना बने लेकिन कोच ने दिपा के क्लैट फुट देखकर उसे दूसरे खेलों में जाने की सलाह दी इससे दीपा निराश हुई लेकिन पिता ने उन्हे इस दौर से बाहर निकाला व जिम्ना बानाने की ठान ली दीपा ने पिता की इच्छा पूरी करने के लिए 6 साल की उम्र से कड़ी मेहनत शुरू कर दी। उनकी मेहनत रंग लाई और उनकी सफलताओं का सिलसिला शुरू हो गया। दीपा जिम्नास्ट सबसे पहले चर्चा में तब आई जब उन्होंने ग्लासगो में हुऐ कॉमनवेल्थ गेम्स में कांस्य जीता । दीपा जम्नास्ट के जिस इवेंट प्रोडुनोवा में शिरकत करती हैं। उसे काफी मुश्किल माना जाता है। दीपा की उपलब्धि इसलिए भी बडी हो जाती है कि 60 के दशक के बाद भारत का कोई भी खिलाडी ऑलंपिक जिम्नास्टिक में शिकरत नही कर पाया है। माता- गीता करमाकर, पिता -....., दीपा करमाकर गुरू- विश्वेश्वर नदी, जन्म भारत के उ.पू. राज्य त्रिपुरा (अगरतला) देश की पहली महिला जिम्नास्ट है-11 पूर्व जिम्नास्ट सभी पुरूष हैं। प्रोडुनोवा क्या है- रूसी जिम्नास्ट ये लेना प्रोडुनोवा के नाम पर, जिन्होने 1999 में 1 बार बॉल्ट का आयोजन किया था प्रोडुनोवा में अग्रेषित किया गया हेल्थप्रिंग डबल स्मरगेट होता है जहां जिम्नास्ट बोर्ड से वॉल्ट में आगे बढ़ता है पहले लैंडिंग कीट से पहले 2 तरह के प्रदर्शन करता है। यह केवल 5 महिला जिम्नास्ट ने इस वॉल्ट का प्रयास किया जिससे इसकी कठिनाई का पता चलाता है। 22 वर्षीय करमाकर पांच बार की राष्ट्रीय जिम्नास्टिक चैम्पियन है। उनका सबसे बडा पल 2014 राष्ट्रमंडल खेलो में ग्लास्गो पहुची वह फाइनल में 8 वें स्थान पर रही थी इस खेल की शुरूआत दिलीप सिंह ने की अगरतला में वस्तुतः करमाकर के लिए जिम्नास्ट में ऑलंपिक तक का सफर आसान नही रहा क्यांकि करमाकर के पैरो की बनावट इस खेल के लिए उपयुक्त नहीं थी इसलिए उनके कोच विश्नेश्वर नंदी ने करमाकर को इस खेल के लिए मना किया लेकिन करमाकर की लगन व समर्पण के आगे उनको झुकना पड़ा। दूसरी समस्या भारत में यह खेल (जिम्नास्ट) अधिक लोकप्रिय नहीं है अतः करमाकर को अमेरिका, रूस और रोमानिया से उसकी प्रतियोगिता जैसी प्रशिक्षण सुविधाऐ, अवसंरचना या समर्थन नहीं था जन्म-9 अगस्त 1993 अवार्ड-पदमश्री, अर्जन, राजीव गांधी खेल रत्न योर जिम्नास्टिक क्लैट फिट के कारण हाल में समस्या आ रही थी। विभिन्न प्रतियोगिताओ में कुल 77 पदक जिनमें 67 स्वर्ण पदक है।

पुंखुडियाँ इस पुष्प की

कमलाबाई चेरिटेबल ट्रस्ट
निवाला एक कोशिश
स्मारिका - वर्ष 3, अंक-3, मार्च 2018



मंत्र

यत्राभ्यागवदानमान चरण पक्षालनं ।
भोजन सत्सेवा पितृदेववार्चन विधिःसत्यंगवां पालनम्।।
धान्या नामवि संग्रहो न कलहश्चित्ता तूरूपा प्रिया।
दृष्टा प्रहा हरि वसामि कमला तस्मिन गृहे निष्कला।।

भावार्थ

जहाँ मेहमान का सत्कार किया जाता है तथा सज्जनों की सेवा की जाती है जहाँ निरन्तर अन्य धर्मकार्य किये जाते हैं सत्य का पालन किया जाता, जहाँ गलत कार्य व क्लेश नही होता, जहाँ दान देने हेतु धन-धान्य का संग्रह किया जाता है। जहाँ मनुष्य विनम्र व संतोषी होते है ऐसी जगह पर मैं सदा निश्चल रूप से रहती हूँ।

संरक्षक व प्रधान सम्पादक:
देवेन्द्र शर्मा

मुख्य सम्पादक
सुरेन्द्र कुमार शर्मा

सम्पादन
मदन चौधरी

सह-सम्पादक
रंजना दुबे

ग्राफिक डिजाईनर
शिवम् पारीक

अनुक्रमणिका

विषय	पृष्ठ सं.	विषय	पृष्ठ सं.
बेटियाँ	2	वृक्षा रोपण	17
पंखुडियाँ इस पुष्प की	3	कहानी नसीहत	18
संस्थापक की कलम से	4	परिण्दा अभियान	19
ट्रस्ट एक नजर में	5	गलतफेमियां	20
संकल्पना	6	निवाला सेवा आश्रम	21
चुनाव स्वंय का	7	संस्थान समाचार	22
तात्कालिक सेवा प्रकल्प	8	संस्थान के सेवा प्रकल्प	23
सँवारे बचपन	9	दर्शन सेवा	24
श्रीमद्भगवत्गीता	10	सहयोगी हाथ	25
निवाला	11	स्वास्थ्य	26
सही निष्ठा सही सोच से ही भाग्य का उदय	12	स्वयंसेवक	27
आई केयर	13	स्वयं सेवक	28
महापुरूषो की जीवनी	14	अख़बार की नज़र से	29
सफाई अभियान	15	आप श्री से सहयोग की अपेक्षा	30
अनमोल वचन	16	संस्था के भामाशाह	31

कमलाबाई चेरिटेबल ट्रस्ट
नई राह - नई दृष्टि..! , ज्ञान वही - वही सृष्टि..!!

रजि ऑफिस : जी 1, कृष्णा विला, प्लाट न :113, आदिनाथ नगर, सिरसी रोड़ जयपुर - 302012 (राज.)
ब्रांच ऑफिस : 155, माँ हिंगलाज नगर-बी, गाँधीपथ रोड़ पश्चिम, वैशाली नगर, जयपुर-302021 (राज.)
+91-7231-8888-00 / 11 / 22 / 33
info@kbctindia.org https://www.facebook.com/KamlabaiCharitableTrust
www.kbctindia.org | YouTube kbct

संस्थापक की कलम से

पूज्य पिताश्री स्वर्गीय श्री राधेश्याम शर्मा जी
की पावन स्मृति में –

किसी भी इंसान के जीवन में माता – पिता प्रथम गुरू होते हैं। हमारे स्वः पूज्य पिताश्री द्वारा दी गयी शिक्षा का हम पर गहरा प्रभाव पड़ा। पिताजी कहते थे कि जीवन में ऊँचा उठने के लिए किसी डिग्री, धन –दौलत की आवश्यकता नहीं होती बल्कि सच्चे मन से की गई मानवीय सेवा ही किसी इंसान को इंसान के दिलों का बादशाह बना देती है। सेवा से ही प्रकृति व हम –सबकी भलाई है।

स्वर्गीय श्री राधेश्याम जी शर्मा

देवेन्द्र शर्मा (संस्थापक)

जीने का सार

एक सरल प्रश्न – यदि हम अपने आस-पास के लोगों व अन्य प्राणियों आदि को प्रेम न करे, तो हम यह कैसे कह सकते हैं कि हम ईश्वर को चाहते हैं हम स्वयं को मनुष्य नहीं कह सकते अगर हम अपने भाईयों-बहनों को दुःखी व संघर्ष करते हुए देखते रहते हैं।

आपस की बात

स्वामी विवेकानंद ने इस बात पर विशेष जोर दिया और कहा की इस दर्द और दुःखों से भरे विश्व में प्रार्थना और ध्यान से व्यक्तिगत मुक्ति की परम्परागत पद्धति ईश्वर साक्षात्कार के लिए पर्याप्त नहीं है। व्यक्ति को अन्य लोगों की सेवा का संकल्प भी लेना चाहिए। मानवों में मौजूद जीते-जागते ईश्वर की सेवा ही जीवन का परम लक्ष्य हैं। यदि हम ईश्वर से कुछ चाहते है तो हमें अपने साथियों की सेवा की इच्छा से भर जाना चाहिए। क्योंकि काम के बिना प्रार्थना उतनी ही बुरी है जितना प्रार्थना के बिना काम। ईश्वर का हमारी आराधना और भक्ति से संतुष्ट नहीं किया जा सकता, यदि वे सिर्फ हमारे होठों से आती हों। हमारा हृदय व जीवन में भी भक्ति व सेवा समर्पण होना चाहिए। जब मानव-सेवा की बात होती है तो हम मन में सोचते होंगे, हम कोई करोड़पति –अरबपति तो नहीं है हम तो सीमित संसाधनों वाले लोग है। हम पीड़ित मानवता की सेवा करने की आकांक्षा कैसे रख सकते है ?

भगवान जब चाहते हैं तो हमारे भीतर की न्यूनतम सामर्थ्य को सेवा के महान कार्यों में इस्तेमाल कर सकते हैं। यदि हम पीड़ित मानवों के कष्टों को कम करने के लिए नही जीते तो हमारा जीवन किस काम का निस्वार्थ जीवन जीने में ही हम समझ सकते है कि सर्वोत्कृष्ट क्या है जो करने की क्षमता हममें है।

अन्त में, हम सब प्रेम, उदारता, वाणी आदि में तो धनी हो सकते है जिससे हम हमेशा पीड़ित लोगों को उनके प्रति हमारी प्यार भरी चिंता और महत्ता तो दे ही सकते है- जो दुनिया की सारी संपत्ति से अधिक मूल्यवान है।

करूणामयी माँ संत श्री कमलाबाई

मातृछाया...

भगवान को मंदिर से ज्यादा, मनुष्य का हृदय पसंद है।
क्योकि मंदिर में इंसान की व्यवस्थाएं है जबकि हृदय में भगवान की व्यवस्थाएँ।।

सृष्टि के आदिकाल से प्रकृति व मानव के सृजन व विकास का मूल आधार परोपकार अथवा सेवा है इसलिए हमारे महान पूर्वजों, ऋषि- मुनियों ने सेवा को सबसे बड़ा धर्म बताया। शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, धार्मिक व वैज्ञानिक सभी दृष्टिकोण से परोपकार या सेवा करना आवश्यक है क्योंकि परोपकार से ही मानव व अन्य प्राणी, प्रकृति का विकास होता है इसके विपरीत अगर हम परस्पर सहयोग नहीं करते, परोपकार की भावना नहीं है। हम एक -दूसरे के प्रति असहयोगात्मक व्यवहार करने लग जाते हैं तो विनाश की प्रक्रिया शुरू हो जाती है। धरती, नदियां, पेड़-पौधे, बादल आदि परोपकार द्वारा मानव व अन्य प्राणियों का विकास करते हैं तथा मानव इन सभी के प्रति अपना कर्त्तव्य निभाकर इनका विकास करता है। धरती हम सभी मनुष्यों व सभी प्राणियों को शरण देकर जीवन देती है। नदियां स्वयं अपना जल नहीं पितीं बल्कि हम सब प्राणियों को अमृत पिलातीं है। पेड़-पौधे अपने फल स्वयं नहीं खाते, अपितु हम इन्हें (फलों) खाकर स्वस्थ बनते हैं। बादल धरती पर बरस कर हमें अन्न -धान्य से परिपूर्ण बनाते हैं। वस्तुतः सारी सृष्टि परोपकार करके हमारे जीवन का विकास करती है।

परोपकार अथवा सेवा हमारे जीवन का प्राथमिक कर्त्तव्य तथा जरूरत है। इसी भावना के अर्न्तगत परोपकार की छोटी सी कोशिश के रूप में कमलाबाई चैरिटेबल ट्रस्ट का उद्भव हुआ। सेवा करने के लिए संसाधन की नहीं, बल्कि संकल्प तथा आपश्री महानुभावों के आशीर्वाद की जरूरत अधिक है, संसाधन तो स्वतः उपलब्ध हो जाते हैं। मेरा यह दृढ - विश्वास है कि अगर दुनिया के एक-तिहाई लोग भी परोपकार का संकल्प ले लें तो अपनी धरती पर स्वर्ग का अवतरण हो जाएगा।

संकल्पना

कमलाबाई चैरिटेबल ट्रस्ट के उदयन में यह संकल्पना निहित है। कि इन्सानियत व मानवता ही धर्म है। चाहे लोग अलग–अलग जाति, धर्म, समुदाय में बटे हुए है। सभी के अन्दर जो प्राण है। या जो खून है। जो हमें बनाने वाला परम बुद्धय है। वो तो एक ही है। ट्रस्ट सभी को पुजनीय की दृस्टि से देखता है। जहाँ भूखा हो खाना खिलाना है। जहाँ शिक्षा की कमी है। शिक्षा की व्यवस्था करनी है। ट्रस्ट का मानना है, कि जहाँ भी मानवीय मुल्य का पतन हो रहा है। सभी को जागरूक करके पुन: स्थापित किया जाये, साथ ही जहा भी मदद की जरूरत हों वहाँ पर मदद के लिऐ तत्पर रहना है। ईश्वर हमारे द्वारा कियें जा रहें कार्य को बराबर देख रहा है। अत: कभी भी यह नही सोचना चाहिऐ की मुझे कोई नही देख रहा है। किसी को खाना खिलाना, किसी की शिक्षा के लिऐ प्रयास करना, जितना हो सके जरूरत मंदो को मदद करना ही इंश्वर की सेवा है। इसी सोच के साथ ट्रस्ट परिवार सामाजिक सेवा प्रकल्पों में लगातार प्रयासरत रहेंगा। अत: ट्रस्ट के संस्थापक महोदय श्रीमान् देवेन्द्र शर्मा का मानना है। कि प्रत्येक जीव मात्र की सेवा ही ईश्वर की सेवा है। लेकिन समस्या उन लोगो के लिऐ गहन हो जाती है। जो या तो आर्थिक रूप से सक्षम नही होते है। या आखा के प्रति जागरूक नही है। और सोच लेते है। कि अब तो मेरी उदय हो गई आखों को तो जाना ही है। फिर एक दिन मुझे भी जाना है। ट्रस्ट एसे लोगों को सर्वे के माध्यम से तलास कर उस क्षेत्र में केम्प लगाता है। ताकि उन के अधुरे जीवन में पुन: राशनी लोट आऐं।

संस्थान की मुख्य व तीसरी प्राथमिकता है।

प्राथमिकता

निवाला

आज हम लोग सभी संस्थानो से परिपूर्ण है। गाड़ी है बंगला, फार्म हाउस है। व्यवसाय है। कभी हमने कही ग्रामीण क्षेत्र में जाकर या सरकारी हॉस्पिटल में जाकर नही देखा है। कि कितने ही लोग आर्थिक समस्याओं के कारण खाना नहीं खा पा रहे है। अगर खाना मिला भी है। तो भर पेट नहीं मिलता है। या अच्छा खाना नहीं खा पाते है। लेकिन हम सभी व्यवस्थाओं के साथ रहतें है। तो सब जगह ठीक हमारे यहा सब ठीक चल रहा है। तो सब जगह ठीक ही होगा लेकिन ऐसा नही है। इस लिऐ यह सोचने समझने और विचार करने का विषय है। इसी विचार के साथ ट्रस्ट ने राजस्थान के सबसे बड़े हॉस्पिटल एस.एम.एस के बागड़ गेट नं. 5 पर 20 जुलाई 2016 से नि:शुल्क भोजन व्यवस्था प्रारम्भ की जो आज भी निरन्तर जारी है। और एक दिन देश में कोई भी भूखा नहीं सोयेगा इस के लिए प्रयासरत है।

संवारे बचपन –कोई बेटी अनपड़ नही है

हमारे समाज को लेकर विवेकानंद जी के कहा है जिस समाज कि बेटियाँ शिक्षित है। तो आने वाली पिढ़ी भी निश्यत रूप से शिक्षित होंगी हमारी प्रथम गुरू माता ही होती है। और सभी संस्कार हमे माता से ही सिखते है। और माता बहीन , बेटी हो अगर शिक्षित व संस्कार नहीं होगी तो हमारा तो सारा समाज ही दिशा हीन हो जायेगा। और हमारे समाज में जब भी कोई कठीनाई आती है। आर्थिक समस्या आती है। तो सबसे महिला पहाडा बेटी को शिक्षा को लेकर ही टुटता है। अभी ग्रामिण क्षेत्र ये लोगो की धारणा होती है। की बेटी को जरूरी नहीं है। इसे ता अगले घर जाना है। किचन सभालना है। लेकिन ये लोग भूल जाते है। कि आज बेटियाँ देश, देश की सीमाओ को संभाल कर सिमाओं पर चोकसी करती है। बेटी को शिक्षा से ही एक सभाय व संस्कारवान समाज की कल्पना की जा सकती है। इसी मिशन को लेकर ट्रस्ट परिवार में तय: किया कि जहां भी आर्थिक समस्याओं की वजह से बेटियॉ पढ़ाई नहीं कर पा रही है। उन्हे शिक्षा में जोड़ कर उन को पड़ाने व संस्कारवान बनाने में मदद करती है। यह ट्रस्ट की मूल और दूसरी प्राथमिकता है।

अन्धाता

ग्रामीण क्षेत्र में जाते है। तो देखते हैं कि बहुत सारे लोग आखों की बिमारी मोतियाबिन्द से ग्रस्त है। यह बिमारी लगभग 40 से 70 वर्ष की आयु में सभी को हो जाती है। लेकिन जो लोग आर्थिक रूप से सक्षम होते है। तो किसी भी रूप में अपना ईलाज करवा लेते है।

चुनाव स्वंय का

सचिव की कलम से

इस समस्त विश्व को पालना चलाना, और सभी चीजो को अनुशानात्मक तरीके से रखना, सभी को समय पर भोजन वस्त्र पानी हवा मकान जरूरत की सभी चीजे उपलब्ध करवाना ईश्वर की ही जिमेदारी हैं मुझे लगता हैं सायद ईश्वर की मर्जी के बिना तो एक पता भी नही हिल सकता है। जैसे एक पिता अपनी सन्तान के लिए सब कुछ सुखी-सुखी करता हैं ।लेंकिन बड़ा होकर वह पुत्र ही अपनी व अपने पिता जी की जिम्मेदारी स्वय उठा लेता है। तो पिता को बहुत प्रसन्नता महसुस होती है। ठीक उसी प्रकार जब सभी का पालन पोषण ईश्वर की जिम्मेदारी होती है। और जब इस जिम्मेदारी को हम स्वंय की जिम्मेदारी समझ कर किसी भूखे को खाना खिलाते हैं ।किसी गिरे हुऐ को उठाते है।किसी अन्धे आदमी को रोड़ पार कराते है।तो ये सब कार्य हम ईश्वर के लिऐ ही करते है।हा हमारी जिम्मेदारी सायद नही होती लेकिन यह ईश्वर की जिम्मेदारी है।

लेकिन कभी ईश्वर ने हमें भी उठाया होंगा हमे भी परेशानी के वक्त में ईश्वर ने मदद की होगीं।तो आज हमारा कर्त्वय बन जाता है।कि हम भी किसी की मदद करे जब निस्वाश भाव से इस प्रकार की सेवा करते है। तो भगवान मन ही मन बहुत प्रसन्न होते है। एक पिता सोचता है। मेरा बेटा समझदार हो गया है।बडा़ हो गया है।और पिता का सीना गर्व से फूल जाता है। इसी तरह ईश्वर भी सोचता है। मेरा बनाया इंसान सही निष्ठा के साथ। सही दिशा में कार्य कर रहा है। उस इन्सान का चुनाव ईश्वर स्वयं के प्रतिनिधी के रूप में करता हैं फिर उस पर भगवान की कृपा हमेशा बनी रहती है। ईश्वर हमेशा लोगो को अपना स्वय का मार्ग तय करने का अवसर देता है। अब हमें ही सोचना है।कि हमें क्या करना है।और निश्चित ही आज से हमे ईश्वर कार्य का प्रतिनिधित्व करने का चुनाव करना हैं। जैसे जैसे हम सेवा कार्य करेंगे हमें हमेशा इस बात का बोध होता रहेगा कि ईश्वर ने मुझे विशेष कार्य के लिये चुना है।और ये स्वयं ईश्वर कार्य है।दौस्तो आज भी दुनिया में बहुत सारे लोग है।जिनके द्वारा उपरवाला कमजोर गरीब भूखो असहायों की मद्द करवाता है। लेकिन क्या हम उन लोगो मे से हैं।जिन्हे उपरवाला असहाय गरीब, मजबूर भूखे लोगो की मद्द के लिये चुनता है। यह हमें स्वय सोचना है। विचार करना है।

इस बात पर गौर करेगें

दोस्तो- वक्त का कुछ पता नही कब किस के साथ हो जाये।और किस का साथ छोड़ दे कब किस के साथ क्या हो जाये, आज हम जिन जरूरतमंदो, गरीब को देखकर मुंह मोड़ लेते है।क्या पता कल हमारी स्थिती भी वैसी हो जायें। क्या पता कल हमें भी किसी मुसिबत का सम्मान करना पहुचायें और क्या पता कल हमें ही किसी की मदद को जरूरत पड़ जाये।

इस लिए जहां हो सके जितना हो सकें, जितना भी आप कर सकते है।जरूरतमंदो की मद्द करे कही भी किसी को आप मजबूर देखो, किसी को असहाय देखो तो उसकी मद्द कीजिए कहीं भी भुखा दिखें तो कोशिश करे उस को खाना खिलाऐं।

सचिव : मदन चौधरी

एक कोशिश निवाला प्रतिदिन निःशुल्क भोजन वितरण

तात्कालिक सेवा प्रकल्प

सँवारे बचपन – सहायता की प्रतिक्षा में बालिकाऐं

उजाला चौहान	पायल बैरवा	भाग्य श्री अटोलिया	मनीषा प्रजापत
आरती सिंह	महक सैन	करिश्मा कुमारी	गोदावरी शर्मा
सोमवती पांडये	सपना बुनकर	कमलेश दरोगा	आकांशा काला
काजल	चंचल	आरती हरिजन	आरती कंवर
पायल मोर्य	पायल बुनकर	मन्दोदरी वर्मा	निशा वर्मा
पूजा कुमारी	रीना राठौड़	पल्लवी सैन	लक्षिता वर्मा
मोनिका रैगर	आयुषी शर्मा	ज्योति कासोदिया	हंसा कुमावत
कविता कुमारी	माया सोनी	कमलेश सैन	तमन्ना सिंह
गुड़ीया कुमारी	प्रिति भाटी	मोनिका बुनकर	
आरती कुमारी वर्मा	सीमा गुर्जर	नेहा गुजराती	

आमन्त्रण

प्रिय श्री,

कमलाबाई चेरिटेबल ट्रस्ट की मासिक पत्रिका ''निवाला'' एक कोशिश के लिए आप सभी पाठ्कों को हम आमन्त्रण दे रहे हैं कि अगर आप के पास कोई लघु कथा हो, प्रोत्साहित करने वाली कविता हो, कोई पोराणिक कथा हो जिसे श्रृंखला बद्ध करके पत्रिका में दी जा सके, कोई लेख हो, देश-भक्ति से जुडी कोई कहानी हो, कोई ऐसी घटना हो जो और लोगों को सम्बल प्रदान कर सके आप हमें अवश्य भेजें। अगर आप की कहानी,लेख, कथा या कविता कमेटी द्वारा चुनी जाती है तो उसे हमारी पत्रिका में अवश्य ही शामिल किया जायेगा। आप की लघु कथाओं, कहानियाँ, लेखों, कविताओं का हमें इन्तज़ार रहेगा।

धन्यवाद

कमला बाई चेरिटेबल ट्रस्ट

सुझाव

प्रिय श्री,

कमलाबाई चेरिटेबल ट्रस्ट की मासिक पत्रिका एक कोशिश निवाला आपके हाथों में है। हमने भरपूर कोशिश की है कि ट्रस्ट द्वारा किये जा रहे नि:शुल्क सेवा प्र:कल्प आपश्री तक पहुँचे और आपके सहयोग से उन ग़रीब, असहाय, लाचार और असक्षम लोगो की मदद हो जिन्हे आपके और हमारे सहारे की अत्यधिक आवश्यता है। आपश्री से भी अनुरोध है कि अगर पत्रिका से सम्बन्धित कोई सुझाव आप देना चाहते हैं तो नि:संकोच हमें लिख भेजे ताकि दिन-प्रति दिन पत्रिका ''निवाला'' एक कोशिश में सुधार होता रहे। आपके बहुमुल्य सुझावों की हमें प्रतीक्षा रहेगी।

धन्यवाद

कमला बाई चेरिटेबल ट्रस्ट

सँवारे बचपन

कमलाबाई चैरिटेबल ट्रस्ट की एक योजना है, सँवारे बचपन इस योजना में सबसे महत्वपूर्ण बात है। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना, इस योजना में वो सब बालिकाऐं आती है। जिन की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है, या किसी दुर्घटना के कारण उनकें माता-पिता नहीं रहे। हमारें समाज में आज भी यह धारणा है। कि बालिका का पढ़ना इतना जरूरी नहीं है जितना बालकों का है। आज वे सभी हमारे शिक्षित समाज में कई प्रकार की कुरूतियाँ व्याप्त है। जिस का परिणाम हम रोज अखबार , न्युज , पैपर, न्युज चैनल्स में देखते है। जिस का सीधा असर हमारी बेटियों पर पड़ता है। जब भी परिवार में आर्थिक संकट आता है, तो सबसे पहला पहाड़ बेटियों की शिक्षा पर ही टुटता है। अकसर कहा जाता है कि पढ़ाने के लिऐं रूपयें नहीं है, तो बेटीं की पढ़ाई बन्द कर दो। इसे तो परायें घर जाना है। वही समाज यह नहीं सोचता है, कि आज हमारी बेटियाँ, देश की सुरक्षा में हमारें देश की सीमाओं पर भी 24 घंटे अपना कर्त्तव्य, पूर्ण समर्पण व निष्ठा के साथ निभाती है।

बेटी अगर शिक्षित हैं तो हमारा पूरा समाज भी शिक्षित होता है। आज हम बेटियों को तो पढ़ाना ही नहीं चाहतें और चाहतें है कि हमारी बहू के इलाज के लिऐं महिला डॉ. ही चाहिए। कहाँ से लायेंगें महिला डॉ. ? बहू के रूप में भी हमेंशा हमारा समाज पढ़ी लिखी बहू चाहता है। लेकिन बेटी को नहीं पढ़ाना चाहता है। जहाँ आर्थिक समस्याऐं आ जाती है। तो बेटा तो पढ़ता रहता है। कर्ज लेकर भी बेटे की शिक्षा तो जारी रखा जाता है। लेकिन बेटी की शिक्षा को रोक दिया जाता है। हमारी संस्थान के सर्वे के दौरान इस तरह के कई कारण सामने आए है। इसी को ध्यान में रख कर कमलाबाई चैरिटेबल ट्रस्ट ने एक योजना शुरू की जिसका नाम है। **सँवारें बचपन** जों बेटियाँ आर्थिक रूप में कमजोर है। या किसी कारण वस उनकें पिताजी नहीं रहें उन बेटियों के लिए 12000 रूपयें वार्षिक छात्रव्रती की योजाना बनाई हैं जिस से इन बेटियों का शिक्षा का खर्च उनकें परिवार पर नहीं आऐं। तो वो बेटियाँ अपनी शिक्षा पूर्ण कर सकें। इस प्रकार की 15 बेटियों को संस्थान ने गोद लेकर उनकी शिक्षा की जिम्मेदारी उठा रखी है। लेकिन और भी बालिकाएं है। अगर उनको सहयोंग नहीं मिला तो उन की शिक्षा भी रूक जाएगी ट्रस्ट के पास बालिकाओं की सूची है। जिनकों तुरन्त सहयोंग की आवश्यकता है। यह सब आप के सहयोंग से ही सम्भव है। आप सभी भामाशाहा का सहयोग मिला तो हम निश्चित रूप से कोशिश करेगें की देश में एक भी बेटी अशिक्षित नहीं रहे।

शिक्षा के लिए छात्रवृती चेक प्रदान करते हुए संस्थान के सचिव।

एक कोशिश निवाला प्रतिदिन निःशुल्क भोजन वितरण

श्रीमद्भगवत्गीता

हे प्रभु। मैं मूर्ख हूँ, हुआ मुझे अज्ञान।
शरणागत हूँ आपकी, मुझे दीजिए ज्ञान।।

संजय, जो युद्ध भूमि का सारा हाल देख रहे थे, महाराज धृतराष्ट से बोले राजन्! आंखो में आंसू भरे व दुःखी अर्जुन से भगवान श्री कृष्ण ने कहा। हे अर्जुन।

तुम्हें युद्ध भूमि में यह अज्ञान कैसे हुआ ।इस स्थिति में श्रेष्ठ मनुष्य ऐसा नहीं करते, क्योंकि यह अज्ञान न तो यश,न ही स्वर्ग को देने वाला है। इसलिए तुम यह दुर्बलता त्याग युद्ध करने के लिए तैयार हो जाओ ।अर्जुन भगवान श्री कृष्ण से बोले। हे भगवन ! मैं सम्माननीय गुरू द्रोणाचार्य व पितामह भीष्म से कैसे युद्ध करूँ क्यों कि इनसे युद्ध करने से तो मर जाना ही अच्छा है। जिन भाईयों - रिश्तेदारों को हम मारना भी नहीं चाहते वे ही हमारे सामने खड़े है। हम इन्हें मार कर सुख ऐश्वर्य भी नही भोगना चाहते। भगवन् मैं आपका शिष्य हूँ मुझे आप शिक्षा दीजिए मैं क्या करूँ? क्योंकि पूरी पृथ्वी व स्वर्ग का राज्य पाकर भी मैं वह उपाय नहीं जानता जो मेरे दुःख को दूर कर सके। अर्जुन ने युद्ध करने के लिए भगवान श्रीकृष्ण से बिल्कुल मना कर दिया। भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन की ओर देखकर बोले , अर्जुन तूम ना तो अज्ञानी मनुष्यों जैसी बाते करते हो और ना ही बुद्धिमान मनुष्य जैसी, क्योंकि अगर तू आत्मा को जन्मने-मरने वाला समझता है तो जिसका जन्म हुआ है वह जरूर मरेगा। दूसरी तरफ, अगर तू आत्मा को अजर-अमर समझता है तो जो अमर है उसकी मृत्यु नहीं हो सकती।इन दोनों ही स्थितियों में दुःखी नही होना चाहिए। ज्ञानी व बुद्धिमान मनुष्य इन बातों से दुःखी नहीं होते है क्योंकि वह जानते हैं कि जैसे कोई मनुष्य नये कपड़े पहनता है व पुराने हो जाने पर उन कपड़ों को उतार देता है फिर नये पहन लेता है वैसे ही आत्मा भी पुराने शरीर को छोड़कर नये शरीर में चली जाती है मृत्यु शरीर की होती है, आत्मा की नहीं होती । अतः ज्ञानी व धैर्यवान मनुष्य सुख-दुःख ,मान- अपमान, सर्दी-गर्मी को समान मानते है। क्योंकि वे जानते है ये जल्दी नष्ट होने वाले है। इन सबसे ज्ञानी मनुष्य न तो दुःखी होते है और न ही सुखी होते है। ऐसे मनुष्य ही मोक्ष अर्थात् मुक्ति पा लेते है। जगत में सत्य की ही जीत होती है। आत्मा को कोई नष्ट नही कर सकता। इस आत्मा को हथियार द्वारा काटा नहीं जा सकता , आग द्वारा नहीं जलाया जा सकता व जल द्वारा गीला नहीं किया जा सकता है। न ही, हवा द्वारा सुखाया जा सकता है।

जो इस आत्मा को मारने वाला समझता हैं तथा जो मनुष्य इसको मरा हुआ मानते है। वे इन दोनों बातों को ही नहीं जानते है क्योंकि यह आत्मा ना तो किसी को मारता है और ही न किसी दूसरे द्वारा मारा जाता है। शरीर के नष्ट होने पर भी आत्मा नष्ट नहीं होती। जो मनुष्य आत्मा को अजर-अमर मानता है। वह मनुष्य न ही स्वयं मरता है तथा नही दूसरे मनुष्यों को मारता है। इस आत्मा को दोनों तरह से जानकर दुःखी होना ठीक नहीं है। सारे मनुष्य जन्म से पहले बिना शरीर वाले थे और मरने के बाद भी बिना शरीर वाले ही होगें हैं केवल बीच में ही शरीर दिखता है तो इस बारे में क्या सोचना.....

अगर हम धर्म के बारे में भी सोचते हैं तब भी तुझे डर नही लगना चाहिंए क्यों कि धर्मयुद्ध से बढ़कर क्षत्रिय के लिए कोई दूसरा धर्म-कर्त्तव्य नहीं है अगर तुम इस धर्म-युद्ध को नही करोगे तो अपने धर्म से नीचे गिरकर यश को खोकर पाप ही पाओगे। यह अपयश तुम जैसे अच्छे मनुष्यों के लिए मरने से भी ज्यादा बुरा होता है जो लोग अभी तेरा सम्मान करते हैं वे तुझे डरा हुआ मानेंगे, न कहने वाली बातें कहेंगे, तेरी शक्ति की बुराई करेंगे, तेरा अपमान करेंगे। इन सब बातों से अधिक दुःख तेरे लिए क्या होगा? इसलिए युद्ध करना तेरे लिए सभी तरह से अच्छा है क्यों कि तू अगर युद्ध में जीत गया तो पृथ्वी का राज्य मिलेगा। यदि तुझे स्वर्ग तथा पृथ्वी के राज्य की इच्छा न भी हो तो भी अच्छे मनुष्यों की तरह सुख-दुःख, लाभ-हानि, जय-पराजय को समान समझकर युद्ध करना चाहिए क्यों कि युद्ध करने से तुम्हें पाप नहीं लगेगा।

एक कोशिश निवाला प्रतिदिन निःशुल्क भोजन वितरण

निवाल के तहत एस एम एस हॉस्पिटल में भोजन वितरण करते हुए संस्थान के कार्यकृता।

कमलाबाई चैरिटेबल ट्रस्ट की प्रथम व महत्वपूर्ण योजना निवाला 20 जुलाई 2016 को प्रारम्भ हुई। जो आज भी लगातार एस.एम.एस हॉस्पिटल के बागड़ वाले गेट नं.5 पर प्रतिदिन सायं: 6.00 नि:शुल्क भोजन की व्यवस्था की जाती है। इस योजना के माध्यम से प्रतिदिन100 लोगो को नि:शुल्क भोजन करवाया जाता है। और अब तक लगभग 60,000 लोगों की भोजन व्यवस्था करके भोजन करवा चुके है। एस.एम.एस. हॉस्पिटल के अन्दर निवाला की जहा गाड़ी पहुचकर भोजन व्यवस्था होती है। वहा सैकड़ो लोग रोज इस उम्मीद में लाईन लगाकर इन्तजार करते है। कि निवाला की एक गाड़ी आयेगीं और हम सभी को भोजन प्राप्त होगा लेकिन कई बार ऐसा भी होता है। कि वहा बहुत सारे लोग लाईन मे खड़े होते हुऐ भी खाना प्राप्त नही कर पाते हैं लेकिन ट्रस्ट सिर्फ 100 लोगों के भोजन की ही व्यवस्था कर पा रहा है। इस को बड़ाने के लिऐ निश्चित रूप से आप लोगों का सहयोंग रहेगा तो ट्रस्ट जल्दी ही इस भोजन व्यवस्था को 100 से 200 करने का प्रयास कर रहा है। लेकिन यह जब सम्भव है। जब आप लोगो का सहयोग व आर्शीवाद इस ट्रस्ट पर बना रहेंगा। ट्रस्ट की आशा है कि आज भी आप श्री द्वारा दिया गया सहयोंग से जैसे 100 लोगों को निरंतर भोजन मिल रहा है। वैसे ही 200 लोगों की व्यवस्था भी आप सभी के सहयोंग से ही सम्भव है।

"सही निष्ठा सही सोच से ही भाग्य का उदय

एक बार भगवान श्रीकृष्ण और अर्जुन भ्रमण के लिऐ जा रहे थे। जब भगवान कृष्ण और अर्जुन घुमते-घुमते एक जगह देखते है कि एक गरीब आदमी भिक्षा मांग रहा था सायद व्रिप था बहुत ही गरीब था जब उसे अर्जुन ने देखा तो अर्जुन को बहुत दया आई तो अर्जुन ने उस विप्र को पास बुलाया और उसे एक धन की स्वर्ण मुद्राओ से भरी पोटली उसे दे दी और कहा जाओ घर पर आराम करो और आज के बाद भिक्षा मत मागना, विप्र बड़ा खुश होता हे और उत्साह के साथ घर की और जाने लगता है। रास्ते मे विप्र को एक लुटेरा मिल जाता है।

लुटेरा उस का सारा धन लूट लेता हैं और वहां से भाग जाता है। विप्र देव अपनी घर ग्रस्ती चलाने के लिऐ पुन: भ्रमण पर निकलता है। तो विप्र देव को भिक्षा मागते हुऐ देखते है अर्जुन को बडा आश्चर्य होता हैं कि इस विप्र को बहुत सारा धन देने के बाद भी यह विप्र भिक्षा क्यो मांग रहा है। अत: अर्जुन विप्र देव को बुलाता है। और कारण पूछता है। तो विप्रदेव अपनी आप बीती कहानी सुनाता है। अर्जुन को पुन: दया आती है। और अर्जुन विप्र को एक बहुत किमती मोती देता है। और कहता है इसे बाजार में बेच देना इस से आप को बहुत धन मिलेगा और आप धनवान हो जायेंगें। इस के बाद भिक्षा मत मागना क्रमश:विप्र देव बहुत प्रसन्न होता है। और अपने घर की ओर प्रस्थान करता है। घर जाकर मोती को एक पुराने मटके मे रख देता है और सो जाता है। लेकिन उसका दुरभाग्य विप्र का साथ नही छोड़ता है। विप्र की पत्नी नदी से पानी लाने जाती है। तो रास्ते में ठोकर लग कर गिर पड़ती है। गिरने के कारण पानी से भरा मटका टूट जाता है। विप्र की पत्नी दुखी मन से वापस घर आती है। और घर आकर उसी पुराने मटके को उठाकर पानी भरने नदी पर जाती है। और वह जैसे ही पानी भरने लगती है। तो उस मटके में रखा मोती नदी में गिर जाता है। और वह पानी लेकर घर आ जाती है। जब विप्र देव नींद से जागते है। तो अपनी पत्नी से पुछते है। कि वह पुराना मटका कहा है। तो उस विप्र की पत्नी उन्हे सारी घटना बताती है। विप्र छोड़कर पानी के मटके में मोती ढूढ़ने लगता है। लेकिन मोती तो नदी में गिर गया था विप्रदेव व उसकी पत्नी बहुत दुखी होते है। की करोड़ो रूपये मुल्य का मोती तो पानी में गिर गया पुन: विप्रदेव अपनी झोली लेकर भिक्षा के लिऐ निकलता है। उधर कुछ समय बाद भगवान कृष्ण के साथ अर्जुन पुन: भ्रमण के लिऐ निकलते हैं। तो विप्र को वहा ही भिक्षा मागते देखते है। अर्जुन को फिर से बहुत आश्चर्य होता है। अर्जुन जब विप्र से पुछता है। तो विप्र अपनी साथ घटी दुर्घटना का पुरा निवारण देता है। तब भगवान भी कृष्ण विप्र को 2 पैसे देते है। और कहते है। कि जा ये 2 पैसे ले और स्वय को छोड़कर दुसरो के बारे में भी सही दिगाओ निष्ठा के साथ सोचना विप्रदेव वहा से चला जाता है। चलते- चलते विप्र देव सोचता है। कि इन दो पैसे से क्या हो सकता है। इनसे तो घर का रासन भी नही आयेंगा इसी सोच विचार में नदी किनारे किनारे घर की तरफ चलता जा रहा है। अचानक देखता है। कि एक मछुआरा एक मछली जाल में मकड़कर पानी से बाहर ला रहा था मछली पानी से बाहर आने के कारण जीवन व मृत्यु से लड़ रही थी और तड़प रही थी विप्र इस घटना को देखता है। और सोचता है। कि ये इन दो पैसे लो और तो कुछ नही हो सकता लेकिन इस मछली को तो बचाया जा सकता है। वही सोचकर विप्र मछुआरे के पास जाता है। और दो पैसे मछली का मुल्य देकर मछली का छुड़ा लेता है। मछली ली का अपने कमण्ड मे ड़ाल कर नदी में छोड़ने जाता है जब मछली को नदी में नही डालता है। तो वह वही मछली होती है जो विप्र का मोती खा गई थी जब विप्र की पत्नी पानी भरने आई थी मछली मोती को पानी में उगल देती है। विप्र मछली को पानी में छोड़ देता है। और अपने कमण्डल में अपने मोती को देख कर बहुत उत्साहित होता है। और उत्साह में जोर-जोर से चिल्लाता है। कि मिल गया मिल गया उस समय जो लुटेरा था वह भी वहा आ जाता है। विप्र को मिल गया मिल गया चिल्लाता देख लुटेरा सोचता है। कि सायद इसने मुझे पहचान लिया अब यह राजा से मेरी शिकायत करेगा और राजा मुझे दण्ड़ित करेगा यह सोच कर लुटेरा विप्र के चरणो में गिर जाता है। और क्षमा मागता है। कि आप ये सारा धन वापस लेलो। लेकिन अपने राजा से मेरी शिकायत मत करना ऐसा वोल कर सारा धन वापस वही छोड़ कर भाग जाता है। विप्रदेव बहुत प्रसन्न होता है। और उत्साहित मन से घर जाता है। सारी घटना अपनी पत्नी को बताता है। और बड़े आराम से अपना जीवन जीने लगता है।

शिक्षा- जब विप्र ने सिर्फ अपने बारे में सोचा तो उसका दुर्भाग्य उस के साथ था और जब विप्र ने नि:स्वार्थ भाव से सेवा की। तो उस का दुर्भाग्य भी सौभाग्य में परिवर्तित हो गया।

एक कोशिश निवाला प्रतिदिन नि:शुल्क भोजन वितरण

आई केयर

नैत्र जांच व मोतियाबिंद ऑपरेशन

आई केयर

अंधेरे से उजाले की ओर

कमलाबाई चैरिटबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित कियें जाने वाले नेत्र जांच शिविर में, अब तक अलग-अलग जगह शिविर आयोजित करके 40 लोगों को नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन करवाया गया है।

कमलाबाई चैरिटबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित नैत्र जाँच व मोतियांबिन्द ऑपरेशन शिविर

कमलाबाई चैरिटबल ट्रस्ट द्वारा नांगल पुरोहितान में आयोजित नैत्र जाँच व ऑपरेशन शिविर

लगभग 987 लोगों की आँखों की जांच की गई साथ ही नजर के चश्में भी नि:शुल्क बांटे गए।

कमलाबाई चैरिटेबल ट्रस्ट की एक योजना है। आई केयर इस योजना के तहत ट्रस्ट के स्वंय सेवक ग्रामीण क्षेत्र में जाते है। और सर्वे करते हैं सर्वे के दौरान बहुत सारे ऐसे बुजुर्ग लोग मिलते है। जो आँखों की विमारी मोतियाबिन्द से ग्रस्त होते है। ट्रस्ट के स्वयं सेवक जब उनसे बात करते हैं तो वो लोग कहते है। कि अब में दृष्ट हो गया हूँ। और वृद्धा अवस्था के कारण आँखों की रोशनी भी कमजोर हो गई है। उन लोगों को पता ही नहीं होता की आँखों में मोतियाबिन्द हो गया। जो जिसका एक छोटें से ऑपरेशन से उपचार हो सकता है। और जो जीवन में अंधेरा हो गया है। वो अंधेरा पुन: रोशनी में तबदील हो सकता है। ट्रस्ट के स्वयं सेवक उन लोगों का समझाकर के इस ऑपरेशन के लिऐं तैयार करते है। ओर साथ ही कुछ लोग ऐसे भी होते है। जिनकों मोतियांबिन्द के बारे में और इस छोटे से ऑपरेशन के बारे में ठीक नही पता हैं। लेकिन उनकी आर्थिक स्थिती ठीक नही है। इसलिए वो लोंग चाहतें हुए भी अपना इलाज नहीं करवा पातें उन लोगों को भी केम्प में इलाज करवाने के लिए जागरूक किया जाता है। इस प्रकार सर्वे का पूर्ण विवरण संस्थान के पद्धाधिकारी को प्राप्त होता है। और पद्धाधिकारी सर्वे की रिर्पोट को देखते हुए किसी भी गाँव को चिन्हीत करके वहाँ पर नि:शुल्क मोतियाबिन्द ऑपरेशन कैम्प लगाने की योजना बनाकर के एक तिथि निर्धारित करते है। शिविर के दौरान वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा सभी लोगों के आँखों की जाँच होती है। नि:शुल्क दवाईयाँ दी जाती है। चश्में वितरण किए जातें है। साथ ही जिन लोगों को मोतियाबिन्द से पिड़ित पाया जाता है। उनकों हॉस्पिटल में लाकर उनका नि:शुल्क ऑपरेशन करवाय जाता है। इस श्रंखला में अब तक 52 पीड़ित लोगों का ऑपरेशन करवाय गया है। 500 लोगों का चश्में वितरण किए गए और 1500 लोगों ने नि:शुल्क दवाई प्राप्त करकें आँखों की बिमारी में लाभ उठाया।

महापुरूषो की जीवनी

ज्योति से ज्योति जलाओ

ईश्वर चन्द्र विद्यासागर



परिचय- महान समाज सुधारक,मानवतावादी, शिक्षाशास्त्री, दार्शनिक के बचपन का नाम ईश्वर चन्द्र विद्यासागर वन्धोपाध्याय था। इनका जन्म 26 सितम्बर, 1820 को पं.बंगाल में हुआ। इनके प्रयास से ही 1856 ई. में विधवा-पुनर्विवाह कानून पारित हुआ। ये नारी-शिक्षा के समर्थक व बाल-विवाह के घोर-विरोधी थे। ईश्वरचन्द्र विद्यासागर कलकत्ता में अध्यापन कार्य करते थे वेतन का उतना ही अंश घर-परिवार के लिए खर्च करते जितने में कि औसत नागरिक स्तर का गुजारा चल जाता। शेष भाग वे दूसरे जरूरत मंदों की, विशेषकर तथा छात्रों की मदद किया करते थे जीवन-भर उन्होंने ये संकल्प रखा। वे गरीबी में पढ़े थे जिसका उन्हें अनुभव था ।

